हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अप्रैल 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 7 मई से शुरू होगी द्वितीय परीक्षा जिले में बनाए 37…




07 कलेक्टर का 'सरप्राइज' दौराः मंडी में हम्मालों के…



## खबर संक्षेप

### पुरानी इटारसी के युवक पर चाकू से हमला

**इटारसी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाइन शॉप के सामने स्थित भोले बाबा मंदिर के पास एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपियों ने पुरानी इटारसी निवासी युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, फरियादी कान्हा बनेरिया 21 वर्ष, निवासी शनि मंदिर के पास, पुरानी इटारसी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पथरोटा वाइन शॉप के पास स्थित मंदिर के समीप अज्ञात आरोपियों ने उसे रोककर अश्लील गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### बगलामुखी जयंती पर महिलाओं का हुआ पूजन

**इटारसी।** वैशाख मास के पावन अवसर और माँ बगलामुखी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सूरजगंज स्थित शंकर मंदिर में भव्य 'सुहागले' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र की 51 सुहागिन महिलाओं को आमंत्रित कर उनका विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजक वर्षा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, अर्चना मालवीय और साथियों द्वारा ओसान माता की विशेष पूजा-अर्चना की।

## अनाज व्यापारी की गाड़ी से अज्ञात चोर ने चुराया साढ़े पांच लाख रुपए से भरा थैला


# दो दिन से तलाश में लगी पुलिस, सेमरी निवासी व्यापारी को चोर ने लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर स्थित कैनरा बैंक के सामने खड़ी गाड़ी से पांच लाख 50 हजार रुपए चोरी होने का सनसनीखेज मामला गुरुवार को हुआ है। चोरी गए रुपए सेमरी हरचंद के अनाज व्यापारी पराग शर्मा के थे। सोहागपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

सोहागपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार अनाज व्यापारी पराग शर्मा का मुनीम तिलक मालवीय पिता नितिन मालवीय निवासी वार्ड नंबर आठ सेमरी हरचंद फरियादी है। जिसने रिपोर्ट में बताया कि वह किसानों को फसल का भुगतान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक सोहागपुर से राशि निकालने गुरुवार दोपहर सोहागपुर आया था। फरियादी तिलक मालवीय ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार सुबह करीब 11 बजे एसबीआई की सोहागपुर नगर स्थित पुरानी शाखा गया। जहां उसने चेक जमाकर 5,50,000 रुपए नगद प्राप्त किये। इसके बाद ब्लैक थार गाड़ी से तिलक केनरा बैंक शाखा पहुंचा। वह नगद राशि, चेकबुक व सील से भरा थैला ब्लैक थार गाड़ी में छोड़कर बैंक के अंदर चला गया। लेकिन जल्दबाजी में वह गाड़ी का दरवाजा लॉक करना भूल गया। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोर रुपयों से भरा थैला लेकर फरार हो गया। जब मुनीम वापस गाड़ी के पास लौटा तो बैग गायब देख उसके होश उड़ गए। व्यापारी पराग शर्मा के अनुसार फसल खरीदी का पेमेंट किसानों को प्रतिदिन करना रहता है, इसलिए लड़का पैसे निकालने सोहागपुर बैंक पहुंचा था। केनरा बैंक के सामने गाड़ी खड़ीकर वह बैंक के अंदर गया था।

शहर स्थित कैनरा बैंक के सामने खड़ी गाड़ी से पांच लाख 50 हजार रुपये चोरी होने का सनसनीखेज मामला गुरुवार को हुआ है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### सक्रिय हुई पुलिस

घटना बावत सूचना मिलने पर सोहागपुर थाना प्रभारी राहुल रायकवार पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में एक महिला ब्लैक थार गाड़ी के आसपास संदिग्ध रूप से घूमती नजर आई, जिस पर पुलिस को संदेह है कि वह चोरी में शामिल हो सकती है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल थाना प्रभारी राहुल रायकवार एवं अन्य पुलिसकर्मी संदिग्ध महिला की शिनाख्त तथा गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सघन जांच में जुटे हुए हैं।

### कब लगेंगे सीसीटीवी कैमरे..??

गुरुवार को दिनदहाड़े सोहागपुर शहर में 5,50,000 रुपये की चोरी होने की जानकारी समूचे क्षेत्र में फैल गई है। अब नागरिकों तथा व्यापारियों ने सवाल उठाया है कि शहर में सीसीटीवी कैमरे कब लगाए जाएंगे? नागरिकों के अनुसार एक दशक से अधिक समय से सोहागपुर नप एवं पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मात्र बात ही की जा रही है। दो-दो बार शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सर्वे किये जा चुके हैं। 2014 में तो करीब 30 से अधिक स्थल चिन्हित भी किये गए थे। लेकिन अब तक कैमरे नहीं लग सके हैं। जनता को आस है कि विधायक विजयपाल सिंह द्वारा दिये गए आश्वासन के अनुसार दो से तीन माह में सीसीटीवी कैमरे लग सकते हैं

### चैक कर रहे फुटेज

घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों से फुटेज कलेक्ट किए जा रहे हैं। कुछ संदेही नजर आए हैं। मामले की जांच जारी है।"-
**राहुल रायकवार, थाना प्रभारी सोहागपुर।**

# लावारिस कार से की 133 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी फरार

## कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक लावारिस कार से करीब 65,000 रुपये मूल्य की अवैध शराब बरामद की है।

### सत्संग गार्डन के पास मिली संदिग्ध कार

22-23 अप्रैल की दरम्यानी रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सत्संग गार्डन के पीछे खाली प्लॉट पर एक गोल्डन-काले रंग की कार संदिग्ध हालत में खड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को कार क्रमांक एमपी 04 सीबी 4245 का लॉक खुला मिला।

### तलाशी में मिली 15 पेटी शराब

जब पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, तो उसके भीतर से 10 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 05 पेटी अंग्रेजी शराब सहित कुल 133 लीटर शराब बरामद हुई, जिसकी बाजार मूल्य करीब 65,000 रुपये आंका गया है। पुलिस ने शराब के साथ 2 लाख रुपये कीमत की कार भी जब्त कर ली है।

### अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज

कार के आसपास आरोपी की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल वाहन स्वामी और आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, उपनिरीक्षक हेमंत निशोद, प्रधान आरक्षक रितेश यदुवंशी, और आरक्षक अजमेश, पूरन, गणेश, आशीष, रोहित, संतोष, धर्मेंद्र एवं राजकुमार की मुख्य भूमिका रही।

# विहिप मातृशक्ति ने किया भागवताचार्य का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मालवीयगंज स्थित भारत माता चौराहे के पास आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) मातृशक्ति की बहनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान मातृशक्ति ने व्यासपीठ का पूजन कर कथावाचक का भव्य सम्मान किया।

आयोजक सुनील-रजनी मालवीय द्वारा आयोजित इस कथा के अंतिम दिन आचार्य पं. श्री सुनील शर्मा जी का मातृशक्ति द्वारा पुष्पगुच्छ, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।



कथावाचक ने अपने प्रवचन में बताया कि भागवत पुराण वास्तव में भगवान नारायण के अवतारों का विस्तृत और दिव्य वर्णन है।

व्यासपीठ पूजन और सम्मान समारोह में मुख्य रूप से विहिप मातृशक्ति जिला संयोजिका तरुणा सोनी, अर्चना सातपुते, चंद्रकला नागवंशी, रुक्मणी बामलिया, मंजू बाथरी, उषा मालवीय, ज्योति गोहिया और प्रीति मालवीय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की जानकारी जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख अनुरुद्ध चंसौरिया द्वारा साझा की गई।

# इटारसी में चौरिया कुर्मी समाज महासंघ की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

चौरिया कुर्मी समाज महासंघ की कोर कमेटी और शिक्षा परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को साई कृष्णा रिसोर्ट में आयोजित की गई। महासंघ के अध्यक्ष नवीन पटेल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन के वार्षिक कैलेंडर और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 जून 2026 को महासंघ का तृतीय प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सत्र 2025-26 की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं और विशिष्ट सेवा देने वाले समाजजनों को भी मंच प्रदान किया जाएगा। अध्यक्ष नवीन पटेल ने बताया कि 11 मई से वार्षिक सदस्यता अभियान शुरू होगा, जिसके माध्यम से ग्राम से लेकर प्रदेश स्तर तक समितियों का गठन किया जाएगा।




# आदमगढ़ नाले में तीन दिन तक चली पोकलेन नाले से गाद निकाली, सफाईकर झाड़ियां हटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका द्वारा नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते स्वच्छता अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है। जहां नगर के प्रमुख नालों को साफ किया जा रहा है तो वहीं उसमें ऊगी झाड़ियों को भी साफ किया जा रहा है। जिससे नाला पूरी तरह साफ हो गया है।

प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और स्वच्छता प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में नगर में स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक तिवारी ने बताया कि नगर का प्रमुख आदमगढ़ नाला को साफ करने के लिए नगरपालिका स्वच्छता शाखा द्वारा तीन दिनों तक लगातार पोकलेन चलाई गई। जिसके चलते नाले में ऊगी झाड़ियों को हटाया तथा गाद के कारण नाला उथला हो गया था। गाद को निकालकर नाले का गहरीकरण किया गया। आदमगढ़ से लेकर भोपाल तिराहे के आगे तक गुरूवार देर रात तक पोकलेन की मदद से नाले को साफ किया गया।

# स्टेट हाईवे के गड्ढों में भरे गए बोल्डर से फिसल रहे वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में सीएम राइस स्कूल निर्माणाधीन भवन के समीप तथा वाइन शॉप के ठीक सामने जल भराव के कारण गहरे गड्ढे स्टेट हाईवे पर हो गए हैं। इन गड्ढों के सुधार के लिये प्रशासन ने इन्हें बोल्डर व गोल पत्थर मिश्रित बजरे से पूर दिया है।

जिसके कारण अब और बुरी स्थिति बन गई है। क्योंकि बोल्डर से दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं व नागरिक चोटिल हो रहे हैं। वहीं भारी वाहन भी बोल्डर से निकाले जाते समय अनियंत्रित हो रहे हैं। जिससे गंभीर दुर्घटना का अंदेशा बढ़ रहा है। नागरिकों के अनुसार गड्ढों का पुराव चिन्हित मटेरियल से किया जाना चाहिए।

# अयोध्या और मुंबई के लिए चलेगी नई 'अमृत भारत' एक्सप्रेस, पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में रेल यात्रियों के लिए एक बेहद खुशी की खबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 28 अप्रैल को मध्य प्रदेश को दो नई 'अमृत भारत' एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात देने जा रहे हैं। इन अत्याधुनिक सुविधाओं वाली ट्रेनों के संचालन से क्षेत्र की कनेक्टिविटी और अधिक मजबूत होगी।

### अयोध्या और मुंबई की राह होगी आसान

इन दो नई ट्रेनों में से एक महत्वपूर्ण ट्रेन अयोध्या कैंट से मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) के बीच संचालित की जाएगी। सबसे खास बात यह है कि इस ट्रेन का ठहराव इटारसी जंक्शन पर भी सुनिश्चित किया गया है। इटारसी में स्टॉपेज मिलने से स्थानीय यात्रियों और आसपास के जिलों के लोगों को भगवान राम की नगरी अयोध्या और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई जाने के लिए एक बेहतरीन और तेज विकल्प मिलेगा।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस है 'अमृत भारत'

अमृत भारत एक्सप्रेस अपनी गति और आधुनिक सुविधाओं के लिए जानी जाती है। यह ट्रेन विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए डिज़ाइन की गई है जो कम समय में आरामदायक सफर करना चाहते हैं।

### इस आयोजन की मुख्य बातें:

शुभारंभ तिथि 28 अप्रैल, 2026 है। मार्ग अयोध्या कैंट से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (LTT) होगा।

अयोध्या और मुंबई जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए सीधी और आधुनिक ट्रेन मिलने की खबर से स्थानीय यात्रियों और व्यापारियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि इस ट्रेन के शुरू होने से इटारसी जंक्शन के महत्व में और अधिक वृद्धि होगी और यात्रियों को लंबी वेटिंग लिस्ट से भी राहत मिलेगी। छुट्टियों के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकताः डीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के पत्रकार बंधुओं के साथ परिचर्चा कर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सुशासन तथा नवाचारों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को सुदूर क्षेत्रों एवं अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पत्रकारों से सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया। परिचर्चा के दौरान कलेक्टर ने पत्रकारों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि जिले में पर्यटन विकास के लिए कार्ययोजनाएं तैयार की जाएंगी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन एवं संभागीय जनसंपर्क अधिकारी रश्मि देशमुख सहित बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## किन्नरों का धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ

# अखिल भारतीय किन्नर सनातन सम्मेलन में विभिन्न स्थानों से आए 7 किन्नरों की 'घर वापसी' ली सनातन धर्म की दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के त्रिशालानंद गार्डन में आयोजित 'अखिल भारतीय किन्नर सनातन सम्मेलन' के दौरान शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। जगतगुरु काजल ठाकुर के सानिध्य में आयोजित इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 7 किन्नरों ने इस्लाम छोड़कर पुनः सनातन धर्म में वापसी की। वैदिक मंत्रोच्चार और दूध, घी एवं शहद से शुद्धिकरण अभिषेक के बाद इन सभी को विधिवत सनातन धर्म की दीक्षा दी गई।

इस भव्य आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 500 सनातनी किन्नर शामिल हुए।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 7 किन्नरों को महामंडलेश्वर की उपाधि से विभूषित करना रहा। पांचाली गुरु इटारसी को नर्मदापुरम जिले का महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया। अन्य नियुक्तियों में शांति पिपरिया, डॉली नायक मुंगावली, बेला नायक इटावा, तमन्ना नायक इटावा और अंजलि नायक परेला को भी महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की ।

### ये बोले किन्नर गुरु

इस अवसर पर गुरु काजल ठाकुर ने कहा कि भटके हुए किन्नरों को पुनः अपनी जड़ों से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि जहां कुरान में किन्नरों का विशेष उल्लेख नहीं मिलता, वहीं रामायण और गीता जैसे सनातन ग्रंथों में उनका गौरवशाली इतिहास वर्णित है। पांचाली गुरु ने महामंडलेश्वर की उपाधि मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया, "मैं मूल रूप से ब्राह्मण परिवार से हूँ, लेकिन मुझे डरा-धमकाकर धर्म परिवर्तन कराया गया था। आज अपने मूल धर्म में लौटकर मुझे आत्मिक शांति और गर्व की अनुभूति हो रही है।

यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि किन्नर समाज के सामाजिक पुनर्गठन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहा, जहाँ प्राचीन संस्कारों के साथ 'घर वापसी' को उत्सव के रूप में मनाया गया।

# पेंशनरों की समस्याओं का किया जाएगा निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के वित्तीय प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में होंगा। पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला पेंशनर फोरम का गठन कर बैठक आहूत की जायेगी। उक्त उदगार नवागत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा किए गए सौजन्य भेंट के समय व्यक्त किए। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी ने किया। जिला सचिव राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर सोमेश मिश्रा कहा कि शासन ने पेंशन नियमों में संशोधन किया है जिनके अवलोकन के लिए जिला पेंशनर अधिकारी को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में पेंशनरों के प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जायेगा एवं जिला प्रशासन समय समय पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी करेगा। आगामी माह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बिदाई और सम्मान के जिला प्रशासन समारोह आयोजित करेगा। इस दौरान बड़ी संखया में पेंशनर उपस्थित थे। महिला पेंशनरों की भी सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप



### क्लब फुट शिविर संपन्न

**बैतूल।** क्लब फुट के अवसर पर जिला अस्पताल में स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में क्लब फुट (पैरों की जन्मजात विकलांगता) जागरूकता के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 5 बच्चों की कास्टिंग भी कराई गई वहीं 7 बच्चों का ब्रेस फालोअप लिया गया। जिससे उन्हें पैरों की विकलांगता से मुक्ति मिल सकेगी। ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ.रूपेश पद्माकर और डॉ.प्रकाश चंदेलकर ने बताया इससे ग्रसित बच्चे जिनके पैरों पर कास्टिंग कराने और जिले को क्लब फुट रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होने बताया कि ऐसे बच्चों का इलाज तीन चरणों में किया जाता है जिसमें निशुल्क कास्टिंग याने प्लास्टर, टेनोटोमी याने सर्जरी और ब्रेसिंग याने सही माप के जूते निशुल्क दिए जाते हैं। साथ ही 7 बच्चों को विशेष प्रकार के जूतो का वितरण किया गया। जिससे सातों बच्चों को पैरों में विकलांगता से मुक्ति मिल सकेगी। संस्था की कविता मालवीय ने बताया कि इस निशुल्क इलाज के तहत वह बच्चे जिनके पैरों के पंजे अंदर की ओर मुड़े होते हैं (क्लब फुट)उनका इलाज किया जाता है और यह लगातार जारी रहेगा। विगत दो वर्षो में जिले के 58 बच्चे पंजीकृत हैं जिनका उपचार चल रहा है। कार्यक्रम का आयोजन अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिलेटिंग क्लब फुट मुम्बई और एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर संस्था की कविता मालवीय, डीआईसी मैनेजर योगेन्द्र दवंडे, सोशल वर्कर कमलेश कास्देकर, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.शैलेन्द्र तायवाड़े आदि मौजूद थे।

### एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**बैतूल।** अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह द्वारा शुक्रवार को आंगनवाड़ी केंद्र सुभाष वार्ड भाग-1 का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, साफ-सफाई व्यवस्था एवं संधारित अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ.सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को केंद्र भवन में आशा कॉर्नर पृथक रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपलब्ध दवाइयों की स्थिति एवं उनकी एक्सपायरी डेट की भी जांच की गई। समूह द्वारा प्रदाय किए जा रहे नाश्ता एवं भोजन को स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया गया।

## प्रति पेपर 500 रुपए फीस, छात्रों पर बढ़ा बोझ

# 7 मई से शुरू होगी द्वितीय परीक्षा जिले में बनाए 37 परीक्षा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा द्वितीय परीक्षा के फार्म भरने की तारीख बढ़कर जरूर 26 अप्रैल कर दी है, लेकिन फार्म भरने के लिए जो शुल्क तय किया है, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। विद्यार्थियों को प्रति पेपर 500 रूपये ही शुल्क जमा करना होगा।**




हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए यह शुल्क आर्थिक बोझ बन गया है। इसका कारण यह है कि एमपी बोर्ड ने प्रति विषय 500 रुपए शुल्क तय किया है, जो कि गरीब और मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों के मान से बहुत अधिक बताई जा रही है। दरअसल मध्यप्रदेश शिक्षा मंडल द्वारा पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय परीक्षा व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के तहत 10वीं और 12वीं के अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित एवं अंक सुधार के इच्छुक छात्रों को दूसरा अवसर दिया जाता है। जिसके लिए विद्यार्थियों को द्वितीय परीक्षा के लिए फार्म भरना होता है। लेकिन अधिक फीस के कारण कई बच्चे द्वितीय परीक्षा देने से पीछे हट रहे है। खासकर ऐसे बच्चे जिन्हें अच्छे अंक की उम्मीद थी, किन्तु मुख्य परीक्षा में वह अपेक्षाकृत अंक हासिल नहीं कर पाये। ऐसे में विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा के जरिए दोबारा परीक्षा दे सकते है, लेकिन एमपी बोर्ड ने अधिक प्रति विषय 500 रूपये शुल्क तय कर दिया है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई है। बता दे कि मुख्य परीक्षा में पहले ही करीब 1500 रुपए शुल्क लिया जा चुका है। अभिभावकों का कहना है कि इतनी जल्दी दोबारा राशि जुटाना कठिन है। शुल्क अधिक होने से द्वितीय परीक्षा देना विद्यार्थियों के लिए आर्थिक बोझ बन रही है।

### 22 से बढ़ाकर 26 अप्रैल की फार्म भरने की तिथि

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की गई थी। लेकिन अब फार्म भरने की तिथि बढ़ाकर 26 अप्रैल कर दी है, यानि विद्यार्थी 26 अप्रैल तक द्वितीय परीक्षा के लिए फार्म भर सकते है। शेष नियम-निर्देश पूर्ववत रहेगे। बताया जा रहा है कि एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा 7 मई से शुरू हो जायेगी और 25 मई 2026 तक चलेगी। कक्षा 10वीं की द्वितीय परीक्षा 7 मई से 19 मई और कक्षा 12वीं की द्वितीय परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होकर 25 मई तक चलेगी। यह परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। जिसके लिए बैतूल जिले में 37 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। बताया जा रहा है कि द्वितीय परीक्षा के लिए 15 अप्रैल से फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। अब जो विद्यार्थी फार्म भरने से वंचित रह गये है, ऐसे विद्यार्थियों के लिए एमपी बोर्ड ने तिथि बढ़ाकर फार्म भरने का अवसर दिया है।

### एक पेपर का खर्च 100 रुपए ले रहे 500

शिक्षा विभाग से जुड़े जानकारों का कहना है कि एक पेपर की कुल लागत 80 से 120 रूपये आती है। इसमें उत्तर पुस्तिका, प्रश्न पत्र, प्रिंटिंग, पैकिंग, परिवहन, परीक्षा केंद्र व्यवस्था, पर्यवेक्षक, मूल्यांकन और रिजल्ट प्रोसेसिंग शामिल है। इसके बावजूद बोर्ड द्वारा लगभग 500 रुपए प्रति पेपर वसूले जा रहे हैं। यह वास्तविक खर्च से 5 गुना अधिक है। बोर्ड इसमें परीक्षा केंद्र, स्टाफ, सुरक्षा, आईटी खर्च आदि भी जोड़ता है। इसके बाद भी 500 रुपए ज्यादा हैं। इधर कुछ शिक्षाविदो का कहना है कि अनिवार्य अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत परीक्षा शुल्क को इतना अधिक रखना उचित नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य सभी वर्गों तक समान अवसर पहुंचाना है, लेकिन द्वितीय परीक्षा में प्रति पेपर 500 रुपए फीस आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डालती है। ऐसे में यह नीति शिक्षा के अधिकार की भावना के विपरीत है।

### ऐसे समझिए द्वितीय परीक्षा के शुल्क का गणित

एमपी बोर्ड द्वारा द्वितीय परीक्षा के लिए जो शुल्क किया गया है, वह अभिभावकों के अनुसार अत्यधिक है। शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि 26 अप्रैल तक फार्म नहीं भर पाये है और लेट फीट के साथ एमपी बोर्ड फार्म भरने की अनुमति देता है तो फार्म भरने की प्रति पेपर 500 रूपये फीस में लेट फीस की अतिरिक्त राशि जुड़ जायेगी। जिससे विद्यार्थियों पर अतिरिक्त बोझ बढेगा। अभी 10वीं-12वीं के कई विद्यार्थियों ने दो विषय की द्वितीय परीक्षा के लिए एक हजार और तीन विषय की परीक्षा के लिए 1500 तथा चार विषय की परीक्षा के लिए दो हजार रूपये की फीस जमा कर फार्म भरे है, जो कि विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए काफी अधिक है। वहीं परीक्षा की तैयारी के लिए समय भी कम बचा है। जो विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा देना चाहते थे। अधिक फीस और तैयारी के लिए कम समय होने की वजह से पीछे हट गये। विद्यार्थियों का कहना है कि कम समय में तैयारी के लिए पैसे खर्च करना व्यर्थ है। इसलिए उन्होंने परीक्षा न देने का निर्णय लिया है।

### इनका कहना है

द्वितीय परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि बढ़ाकर 26 अप्रैल कर दी गई है। पहले 22 अप्रैल अंतिम तिथि थी। जहां तक शुल्क की बात है तो यह माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित की गई है। इसमें हम कुछ नहीं कर सकते है।

**- सत्येन्द्र उदयपुरे,**
प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, बैतूल

## कांग्रेस ने नारी शक्ति के साथ किया विश्वासघातः सविता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में महिला जन आक्रोष को लेकर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व भाजपा नेत्री सविता दिवान ने महिलाओं के आक्रोष को लेकर विपक्ष पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि पिछले दिनो संसद में जो हुआ, वह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विपक्ष में वोट करना महिलाओं के साथ विश्वासघात करने वाला है। इंडी गठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह महिला विरोधी गठबंधन है जिसने इस ऐतिहासिक अवसर को बाधित कर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आधी आबादी की आवाज को सदन में 75 साल बाद भागीदारी का अवसर देने का प्रयास किया लेकिन परिवार वाद वाली पार्टीयों ने महिलाओं की आकांक्षाओं के साथ खिलाफत करते हुए महिलाओं के विरोध में अपने मत का प्रयोग किया। श्रीमती दिवान ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का जो संकल्प लिया है, वह किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं पडेगा। आज की नारी केवल मतदाता नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश और देश में महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में जो कार्य हुए हैं, वे भाजपा की नीतियों का परिणाम हैं। श्रीमती दिवान ने पत्रकारो के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन पर विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने का प्रयास किया रहा है। श्रीमती दिवान ने कहा कि कांग्रेस, सपा और उनके सहयोगियों के इस महिला-विरोधी गठबंधन ने न केवल एक विधेयक को रोका, बल्कि करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और विडंबना देखिए-इस पर विपक्ष जश्न मनाता रहा। विपक्ष का जश्न, हर महिला का अपमान है। उस अपमान को महिलाएं जीवन भर नही भूलेगीं और जिन्होने उनकी आकांक्षाओं का विरोध किया है उनहे माफ भी नही करेगीं। उन्होंने यह भी कहा कि हम सब ने सदन की कार्यवाही देखी है और हमने यह भी देखा है कि कौन महिला सशक्तिरण के साथ खडे है और कौन लोगो ने इसका विरोध किया। इस विधेयक के लिए पूरे देश की महिलाएं आशांवित थी कि उन्हे लगने लगा था कि देश के नीति निर्धारण में अब उनकी भूमिका भी बराबर की होगीं लेकिन कांग्रेस ने आधी आबादी की आशाओं का गला घोटते हुए लोकसभा में जो कृत्य किया है उसे महिलाएं जीवन भर याद रखेगी। पत्रकारवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, पूर्व सांसद ज्योति धुर्वे, विधायक गंगा उइके, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ममता मालवी, जिला महामंत्री कमलेष सिंह, जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू , जिला मीडिया प्रभारी सूर्यदीप त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दो मवेशी झुलसे, लाखों का नुकसान

# बिजली का तार गिरने से मवेशी कोठे में लगी आग

**बैतूल।** चिचोली क्षेत्र के ग्राम अजई में एक किसान के मवेशी कोठे में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। यह घटना सुबह करीब 4 बजे हुई, जिसमें दो मवेशी झुलस गए और लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार, मवेशी कोठे के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। इससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आग तेजी से फैली और कोठे में रखे भूसे को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक गाय और एक बैल झुलस गए। इसके अतिरिक्त, एक मोटरसाइकिल और बड़ी मात्रा में भूसा भी जलकर राख हो गया। किसान को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। घटना



के बाद ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग बुझाने के दौरान कुछ ग्रामीण भी मामूली रूप से झुलस गए, जिन्हें चिचोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि फायर ब्रिगेड के समय पर न पहुंचने के कारण नुकसान और बढ़ गया।

### समन्वय समिति की बैठक 27 अप्रैल को

**बैतूल।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को लेकर समन्वय समिति की बैठक 27 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन की विशेष उपस्थिति में दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभा गृह बैतूल में आयोजित होगी। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील ने बताया कि बैठक में शिविर के आयोजन, व्यवस्थाओं, संसाधनों की उपलब्धता तथा विभिन्न विभागों के समन्वय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को एचएलओ एप के प्रश्नों और डेटा संकलन प्रक्रिया का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल


जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को प्रभावी, सटीक एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण अभियान सुदृढ़ रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के नेतृत्व तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट के मार्गदर्शन में नगरीय एवं ग्रामीण चार्ज मुख्यालयों पर आयोजित यह प्रशिक्षण फील्ड स्तर पर कार्यकुशलता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि जिले में 22 से 25 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 बैचों के माध्यम से कुल 1226 प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसमें 10 ग्रामीण चार्ज- आमला, बैतूल, भैंसदेही, भीमपुर, घोड़ाडोंगरी, प्रभात पट्टन, मुलताई, शाहपुर, चिचोली एवं आठनेर के 746 प्रगणक एवं 127 पर्यवेक्षक शामिल हैं।

इसी प्रकार 9 नगरीय चार्ज- बैतूल, आमला, मुलताई, सारनी नगर पालिका तथा आठनेर, घोड़ाडोंगरी, चिचोली, शाहपुर एवं भैंसदेही नगर परिषद के 296 प्रगणक एवं 57 पर्यवेक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण 64 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा दिया जा रहा है, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि द्वितीय दिवस की शुरुआत पुनरावलोकन एवं क्विज टेस्ट से की गई। इसके पश्चात एचएलओ एप के प्रश्न क्रमांक 1 से 34 तक की अवधारणाओं एवं परिभाषाओं पर क्रमबद्ध प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रश्न पूछने की सही विधि एवं उत्तरों के सटीक संकलन की प्रक्रिया समझाई गई। एप आधारित डेटा प्रविष्टि एवं सत्यापन का अभ्यास प्रतिभागियों को एचएलओ ऐप में डेटा प्रविष्टि, उत्तर भरने की विधि तथा सुपरवाइजर द्वारा डेटा सत्यापन की प्रक्रिया का व्यवहारिक अभ्यास कराया गया।

## तेज आंधी में सामूहिक विवाह का पंडाल गिरा, 26 अप्रैल को होना है आयोजन, विवाह की तैयारी जारी



**बैतूल।** तेज हवा ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होने वाले सामूहिक विवाह की तैयारियों अस्त-व्यस्त कर दिया। दरअसल तेज हवाओं के कारण पुलिस परेड मैदान में बनाया जा रहा विशाल पंडाल अचानक गिर गया। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद मजदूरों ने भागकर जान बचाई, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस परेड मैदान में 26 अप्रैल को करीब 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह होना है। इसके लिए बड़े स्तर पर पंडाल, मंच और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही थीं। अचानक आई आंधी इतनी तेज थी कि टेंट के खंभे और कपड़े उडने लगे। कुछ ही देर में पंडाल का बड़ा हिस्सा जमीन पर आ गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान वहां मौजूद मजदूर और टेंट कर्मचारी तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर भागे, जिससे कोई घायल नहीं हुआ। घटना के बाद टेंट व्यवसायियों ने तुरंत काम दोबारा शुरू कर दिया। पंडाल को तय समय में तैयार करने के लिए अतिरिक्त मजदूर लगाए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आंधी से आई बाधा के बावजूद 26 अप्रैल को सामूहिक विवाह कार्यक्रम निर्धारित समय पर ही आयोजित किया जाएगा।

## जनगणना को लेकर तृतीय बैच का प्रशिक्षण

# 1 से 30 मई तक घर-घर जाकर प्रगणक व पर्यवेक्षक करेंगे मकान सूचीकरण का कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भारत की जनगणना को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना को लेकर द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी में हो रहा है। यहां प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत की जनगणना के तहत आगामी 1 से 30 मई तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर निर्धारित प्रारूप में मकान सूचीकरण की जानकारी एकत्र करेंगे। जिला कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवने एवं एसडीएम प्रपंज आर के मार्गदर्शन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार 24 अप्रैल को मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम प्रशिक्षणस्थल पर पहुंचे। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्व-गणना के लिए आम लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्व-गणना हेतु अभी से जुटना होगा। आगामी 30 अप्रैल तक अधिक से अधिक संख्या में स्वगणना कराया जाना है। आगामी मई माह में होने मकान सूचीकरण को लेकर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को उक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निकाय क्षेत्र में तीन बैच तैयार किए गए हैं। इन्हें तीन-तीन दिनों का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा है। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी में मास्टर ट्रेनर शंकर भंडारे, मनोज बनकर द्वारा बिंदुवार प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। यहां कुल 42 पर्यवेक्षकों, प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## राशन वितरण दुकान में स्टॉक कमी पर फूड इंस्पेक्टर और समिति प्रबंधक को नोटिस

# मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

### शाहपुर क्षेत्र में सघन निरीक्षण लापरवाही पर सख्ती और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शुक्रवार को शाहपुर विकासखंड के ग्राम निशान एवं पंचायत पाठई का सघन भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को सुधार के सख्त निर्देश दिए। सबसे पहले कलेक्टर डॉ सोनवणे ग्राम निशान स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने पेयजल व्यवस्था एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान बच्चों के भोजन में सब्जी नहीं मिलने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। जानकारी मिली कि समूह की महिला की तबीयत खराब होने के कारण सब्जी नहीं बन सकी। इस पर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति



दोबारा न हो और निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नाश्ते में दिए गए उपमा को चखकर गुणवत्ता की भी जांच की। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने आंगनवाड़ी में दर्ज गर्भवती माताओं एवं कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते हुए पाया कि तीन बच्चे गंभीर कुपोषण की श्रेणी में हैं, लेकिन उन्हें एनआरसी में भर्ती नहीं कराया गया है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल भर्ती कराने और नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता जांचने के लिए बारहखड़ी एवं रंग पहचान का परीक्षण भी लिया। साथ ही पोषण ट्रैकर ऐप का संचालन कराकर डेटा की सटीकता का मिलान किया। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम का पैदल भ्रमण कर ग्रामीणों से नल-जल योजना एवं जल संरक्षण कार्यों की जानकारी ली तथा पंचायत सचिव को स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### समूह की मांग पर स्टोरेज भवन निर्माण के निर्देश

ग्राम पाठई में कलेक्टर डॉ सोनवणे ने महिला स्व-सहायता समूहों से संवाद कर उनके आजीविका कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बकरी पालन, मुर्गी पालन, मल्टीलेयर फार्मिंग जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। समूह की मांग पर खरीदी के लिए स्टोरेज भवन निर्माण तथा उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग के लिए बैंक लिंकेज और आउटलेट उपलब्ध कराने के निर्देश एनआरएलएम को दिए। महिलाओं द्वारा पानी की समस्या उठाए जाने पर कलेक्टर ने पंचायत को टंकी निर्माण कर जल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन में शामिल न होने वाले शाहपुर ब्लॉक के 39 ग्रामों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत लंबित डीपीआर को शीघ्र स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ किया जाए।

### राशन दुकान में स्टॉक में कमी पर नोटिस

निरीक्षण के दौरान ग्राम की एक महिला की खाद्यान्न पर्ची लंबे समय से लंबित पाए जाने पर कलेक्टर ने पंचायत सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं उचित मूल्य दुकान पाठई के निरीक्षण में मशीन में दर्ज स्टॉक और वास्तविक स्टॉक में अंतर पाए जाने पर पंचनामा तैयार कर फूड इंस्पेक्टर एवं समिति प्रबंधक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश एसडीएम को दिए। साथ ही आंगनवाड़ी संचालन एवं एक बगिया मां के नाम योजना के कार्यों की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को बिस्किट और चॉकलेट का भी वितरण किया।इस अवसर पर एसडीएम सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने इटारसी मंडी का किया निरीक्षण

# कलेक्टर का 'सरप्राइज' दौराः मंडी में हम्मालों के बीच पहुंचे सोमेश मिश्रा,

इटारसी मंडी और रैसलपुर में कलेक्टर का एक अलग ही अंदाज नजर आया, जहाँ वे एक सख्त प्रशासक के बजाय एक अभिभावक की भूमिका में दिखे। उन्होंने दौरे के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नर्मदापुरम के नए मुखिया सोमेश मिश्रा का शुक्रवार को इटारसी का पहला दौरा 'हल्ला कम और काम ज्यादा' वाला साबित हुआ। कलेक्टर ने किसी सरकारी दफ्तर में बैठकर फाइलें पलटने के बजाय तपती धूप में पसीना बहा रहे अन्नदाताओं और मजदूरों के बीच जाना मुनासिब समझा। इटारसी मंडी और रैसलपुर में कलेक्टर का एक अलग ही अंदाज नजर आया, जहाँ वे एक सख्त प्रशासक के बजाय एक अभिभावक की भूमिका में दिखे।

### धूप में 'मठा' और 'फर्स्ट एड': श्रमिकों के स्वास्थ्य पर फोकस

चिलचिलाती गर्मी और 42 डिग्री के आसपास झुलसाते पारे के बीच कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने संवेदनशीलता की नई लकीर खींची। हम्मालों को काम करते देख कलेक्टर रुके और खुद अपने हाथों से उन्हें मठा और शीतल पेय पिलाया। रैसलपुर के दादाजी वेयरहाउस में उन्होंने श्रमिकों को 'फर्स्ट एड किट' बांटी। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि "मजदूर की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा, हर केंद्र पर इलाज के प्राथमिक इंतजाम अनिवार्य हैं।"

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केवल मठा ही नहीं पिलाया, बल्कि लापरवाही बरतने वाले प्रभारियों के पसीने भी छुड़ा दिए। उन्होंने दो टूक निर्देश दिए कि जिस दिन किसान का मैसेज है, उसी दिन उसकी फसल तुले। किसान को अगले दिन के लिए न टाला जाए।

### वीडियोग्राफी अनिवार्यः

यदि माल रिजेक्ट होता है, तो उसकी वीडियोग्राफी कराई जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। नियम विरुद्ध गेहूं खरीदने वाली समितियों को तत्काल नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए।

### चर्चाओं का बाजार गर्मः दफ्तरों की 'चमक' नहीं आई काम

कलेक्टर के पहले दौरे को लेकर शहर के सरकारी महकमों में भारी उत्साह और डर का माहौल था। एसडीएम कार्यालय और नगरपालिका में सुबह से ही विशेष सफाई अभियान चला, चूना डला और फाइलें दुरुस्त की गईं। चर्चा थी कि साहब शहर के भीतर आकर व्यवस्थाएं देखेंगे। लेकिन कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 'आउटडोर ड्यूटी' को प्राथमिकता दी और शहर के बाहर-बाहर से ही मंडी और वेयरहाउस का मुआयना कर वापस नर्मदापुरम लौट गए। कलेक्टर के इस मूव ने उन अधिकारियों को हैरान कर दिया जो घंटों से दफ्तरों में उनके स्वागत की तैयारी में बैठे थे।

### प्रशासनिक अमला रहा साथ

दौरे के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एसडीएम निलेश शर्मा और जिला आपूर्ति अधिकारी नीता कोरी सहित पूरी टीम साथ रही। कलेक्टर ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका फोकस कागजी घोड़ों के बजाय धरातल पर सुविधाओं को सुनिश्चित करना है।

# सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने और अवैध शराब बेचने वालों पर कसा शिकंजा

### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए इटारसी पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 3 युवकों और अवैध शराब के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

**यहां की गई कार्रवाई**

- **बैल बाजार :** 28 नंबर कलारी के सामने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए दिनेश झांझोट 43 वर्ष, पिता शंकर लाल निवासी नई गरीबी लाइन को पकड़ा गया। इसके पास से डिस्पोजल गिलास और आधी खाली शराब की बोतल जब्त की गई।
- **28 नंबर कलारी के पीछे :** यहां हुकूम भाट 41 वर्ष, निवासी भाट मोहल्ला को सार्वजनिक स्थान पर जाम छलकाते हुए गिरफ्तार किया गया।
- **गैरेज लाइन :** वार्ड नंबर 11 बंगाली कॉलोनी निवासी सौरभ हलदार 26 वर्ष को पुलिस ने खुले स्थान पर शराब पीते हुए रंगे हाथों पकड़ा।

### अवैध शराब की तस्करी पर कार्रवाई

शराब पीने वालों के साथ-साथ पुलिस ने उन लोगों पर भी शिकंजा कसा जो अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री और परिवहन कर रहे थे।

न्यास कॉलोनी निवासी अजय सोनी 34 वर्ष को 28 नंबर कलारी के पीछे से पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अवैध महुआ शराब बरामद की गई।

मछली बाजार के पास से धरम हारिए 42 वर्ष, निवासी नई गरीबी लाइन को पकड़ा गया। पुलिस ने इसके पास से अवैध महुआ शराब जब्त की है।

इस पूरी कार्रवाई में आरक्षक संजय पाठक, राजेश टेटवार, मनमोहन सिंह और सउनि जनकलाल पवार की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर हुड़दंग करने और अवैध नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### बिना रेडियम पट्टी वाले ट्रैक्टर ट्राली से टकराया पिकअप वाहन

**सोहागपुर।** गत दिवस स्टेट हाईवे पर ग्राम गुरमखेड़ी के समीप एक ट्रैक्टर ट्राली और पिकअप वाहन की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें पिकअप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। भिड़ंत इतनी तगड़ी थी कि पिकअप वाहन का बोनट टूटते हुए ड्राइवर और कंडक्टर के पास पहुंच गया था। जिसके कारण ड्राइवर और कंडक्टर बुरी तरह से वाहन में ही फंस गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे सोहागपुर निवासी भाजपा नेताओं विजय नन्नू छाबड़िया, रामबाबू रघुवंशी, अभिनव पालीवाल और अश्विनी सरोज ने घायलों को मुश्किल से गाड़ी से बाहर निकालकर सोहागपुर थाने को सूचित किया।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत**

**नर्मदापुरम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नर्मदापुरम आगमन पर मालाखेड़ी एसबीआई के सामने भाजपा पदाधिकारीयों, और कार्यकर्त्ताओं ने स्वागत किया।

# नपा में जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित हुई जनसुनवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नवनियुक्त कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार शुक्रवार को नगरपालिका परिषद इटारसी में जनप्रतिनिधियों के साथ जनसुनवाई का आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) ऋतु मेहरा द्वारा प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक उनके कक्ष में संपन्न हुई।

जनसुनवाई में वरिष्ठ पार्षद शिवकिशोर रावत एवं सभापति राकेश जाधव ने अपने-अपने वार्डों में आवश्यक निर्माण कार्य कराए जाने तथा लंबित कार्यों में देरी करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

इस दौरान सभापति राकेश जाधव द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा उठाया गया, जिस पर सीएमओ ऋतु मेहरा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित ठेकेदार को शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। सभापति राकेश जाधव ने कहा कि कलेक्टर महोदय द्वारा जनप्रतिनिधियों के लिए जनसुनवाई जैसे नवाचार से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध समाधान संभव हो सकेगा। उन्होंने इस पहल के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जनगणना के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

जनगणना 2027 के सफल एवं प्रभावी संचालन के लिये द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सेंट पैट्रिक स्कूल में जारी है। प्रशिक्षण जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में हो रहा है। नप से चार्ज जनगणना अधिकारी संजय परसाई ने कहा कि शहरी क्षेत्र में एक मई 2026 से जनगणना 2027 का मैदानी कार्य प्रारंभ होगा। जिसके लिए शहरी क्षेत्र में तैनात प्रगणकों को एवं सुपरवाइजर को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण गुरुवार से प्रारंभ हुआ है एवं शनिवार को संपन्न होगा। प्रशिक्षण दौरान जनगणना कार्य की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा संकलन, जनगणना संबंधी नियम एवं फील्ड में आने वाली चुनौतियों के समाधान की जानकारी दी।

# सीरूपुरा में आदिवासी महिलाएं 1 किमी दूर से ला रहीं पानी

### 300 आबादी वाला टोला प्यास से बेहाल, हैंडपंप बंद और नल-जल योजना ठप, बिजली आने पर ही बनता है खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



ग्राम लोखरतलाई के अंतर्गत आने वाला आदिवासी बहुल्य टोला सीरूपुरा इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रहा है। लगभग 300 आबादी वाले इस टोले में पानी के सभी प्रमुख स्रोत लगभग बंद हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन संकट में पड़ गया है। हालात इतने खराब हैं कि महिलाएं और बच्चे एक किलोमीटर दूर खेत में लगे निजी नलकूप से पानी लाने को मजबूर हैं।

### दो साल से बंद पड़े हैंडपंप

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के स्कूल सहित तीन हैंडपंप पिछले करीब दो वर्षों से खराब पड़े हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। हैंडपंप बंद होने से ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना भी सीरूपुरा में दम तोड़ चुकी है। पिछले चार महीनों से पानी का स्रोत सूख जाने के कारण गांव में सप्लाई बंद है। इससे ग्रामीणों की उम्मीदें भी खत्म होती जा रही हैं और योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

गांव के लोग प्रतिदिन करीब एक किलोमीटर दूर खेतों में लगे निजी नलकूप से पानी भरकर ला रहे हैं। इस कठिन कार्य का सबसे अधिक बोझ महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। गांव के समीप खेत मालिक सरवन कहार मानवता का परिचय देते हुए अपने खेत के नलकूप से ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल रही है। सरपंच प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर पीएचई विभाग के अधिकारियों, स्थानीय विधायक और एसडीएम को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़े हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, नल-जल योजना के जल स्रोत को पुनर्जीवित किया जाए तथा वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में संकट और गंभीर हो सकता है। पीएचई विभाग के प्रभारी एसडीओ उमेश कोबले ने बताया कि नल-जल योजना के अंतर्गत खोदे गए बोर का परीक्षण किया जाएगा और यदि संभव हुआ तो बंद पड़े हैंडपंपों को भी जल्द चालू कराया जाएगा।

# वार्ड 22 में जल संकट से मिलेगी राहतः सांसद निधि से ट्यूबवेल उत्खनन का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



भीषण गर्मी और गहराते जल संकट के बीच वार्ड क्रमांक 22 के निवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी की घोषणा के बाद, वार्ड में ट्यूबवेल उत्खनन का कार्य विधिवत पूजन के साथ प्रारंभ हो गया है।

वार्ड पार्षद एवं सभापति गीता देवेंद्र पटेल की मांग पर सांसद द्वारा स्वीकृत इस ट्यूबवेल का उत्खनन सुनील तिवारी के घर के पास शुरू कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे। पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए सांसद दर्शन सिंह चौधरी, स्थानीय विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस ट्यूबवेल के शुरू होने से वार्ड में पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी और क्षेत्रवासियों को गर्मी के मौसम में पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# जनपद सीईओ ने ग्राम रोजगार सचिव को थमाए शोकाज नोटिस

### सरपंच, उपसरपं को सूचना दिए ली ग्राम सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

ग्राम पंचायत पचलाबरा में 15अप्रेल 2026को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में। लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रबल अरजरिया ने बताया कि ग्राम पंचायत पचलाबरा के सरपंच प्रदीप मेहरा ने शिकायत दर्ज कराई गई है।कि 14/4/26को सभी पंचायतों में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह आयोजित किए गए। तथा उन्हें याद करते हुए। ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। लेकिन पचलाबरा के रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव भैया पटेल ने सरपंच उपसरपंच पंच परमेश्वर को ग्राम सभा की कोई जानकारी नहीं दी गई थीऔर पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन सचिव ने अकेले ही कर ली है। शिकायत प्राप्त होने पर सचिव रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3दिवस में ज़बाब देने को कहा गया है। क्यों की यह पंचायती राज स्वराज अधिनियम की अनदेखी करते हुए अवैधानिक कार्य किया गया है। यदि कोई जबाब नहीं दिया गया तो ठोस कार्रवाई की जावेगी।

# हज यात्रा के लिए रवाना हुए बोहरा समाज के नागरिक, समाज के लोगों ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



हज यात्रा के लिये रवाना हुए सोहागपुर बोहरा समाज के नागरिकसोहागपुर।सोहागपुर निवासी बोहरा समाज के नागरिक डॉ. जोऐब अली एवं उनके अन्य परिजन गत दिवस हज यात्रा पर रवाना हुए हैं। डॉ. जोऐब अली ने बताया कि वे परिजनों सहित बुधवार को मुंबई के लिये सोहागपुर से रवाना हुए थे। शुक्रवार की सुबह लगभग 10:30 बजे मुंबई एयरपोर्ट से उन्होंने फ्लाइट के माध्यम से हज की यात्रा प्रारंभ की है। सोहागपुर बोहरा समाज ने डॉ. जोऐब अली एवं उनके परिजनों की सफल हज यात्रा के लिये शुभकामनाएं दी हैं।

### धार्मिक यात्रा हज के लिए निकले शिक्षक दंपत्ति



**माखननगर।** आवास कॉलोनी निवासी शिक्षक मंजूर खान पत्नी शिक्षिका कमरूनीशा के साथ शुक्रवार को हज यात्रा पर रवाना हुए खान दंपति के रिश्तेदार सामाजिक लोगों एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष उमेश तिवारी कांग्रेस नेता जित्तू चौधरी ने पुष्प हार पहनाकर सकुशल हज यात्रा के लिए शुभकामना दी।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

# 27 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं को सहेजने और सामाजिक बुराइयों को दूर करने के उद्देश्य से आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर द्वारा एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। 26 अप्रैल, रविवार से विशेष भूमका प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो रही है, जिसका समापन 29 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन के साथ होगा। समाज के रीति-रिवाजों और संस्कारों को जीवित रखने के लिए युवाओं को 'भूमका' (पारंपरिक पुजारी) बनने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य आकर्षण के रूप में 29 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें छिंदवाड़ा और बैतूल से आए विशेषज्ञ गुरुओं के सानिध्य में 27 जोड़े पूरी तरह से गोंडी रीति-रिवाज और पारंपरिक पद्धति से विवाह के बंधन में बंधेंगे। समिति के अनुसार, इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य समाज में व्याप्त दहेज प्रथा को रोकना और विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची को कम करना है। सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी।

कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ और थाना पथरौटा सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों को बारात की अगवानी के लिए आमंत्रित किया गया है। समिति ने समस्त सामाजिक संगठनों और मातृशक्ति से कार्यक्रम में शामिल होकर नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद देने की अपील की है।

**// इश्तहार प्रकाशन सूचना //**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी के दुकान पक्की/कच्ची प्लाट नं. शीट नंबर 14 प्लॉट नंबर 74/1-14. जी कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान विजय कुमार तिवारी SO विष्णु प्रसाद तिवारी के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री/श्रीमती अजय सिंह SO अनिलचंद्र एवं सुशील सिंह SO अनिलचंद्र मधोक के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन करामे जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

**न्यायालय अपर तहसीलदार पिपरिया तहसील-पिपरिया जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

रा.प्र.क. 0477/अ-6/2025-26 मौजाः खापरखेडा
सुनवाई तिथि-27/04/2026

// इश्तेहार //

सुशील कुमार गोयदानी आ. स्व. बलवंत सिंह गोयदानी निवासी ग्राम खापरखेडा तहसील पिपरिया जिला-नर्मदापुरम म.प्र. बनाम १. राजेन्द्र कुमार गोवदानी आ. स्व. सुजान सिंह गोयदानी, 2. सौरभशुमार गोयदानी आ. राजेन्द्र कुमार गोयदानी, 3. सुनंदा गोवदानी पत्नी राजेन्द्र कुमार गोयदानी, 4. कृष्णकुमार गोयदानी आ. स्व. बलवंत सिंह गोयदानी 5. अंजु गोयदानी पत्नी सुशील कुमार गोयदानी सभी निवासी ग्राम खापरखेडा तहसील-पिपरिया जिला नर्मदापुरम म.प्र.

प्रति, 1. राजेन्द्र कुमार गोयदानी आ. स्व. सुजान सिंह गोयदानी, 2. सौरभ कुमार गोयदानी आ. राजेन्द्र कुमार गोयदानी 3. सुनंदा गोयदानी पत्नी राजेन्द्र कुमार गोयदानी, 4. कृष्णकुमार गोयदानी आ. स्व. बलवंत सिंह गोमदानी, 5. अंजु गोयदानी पत्नी सुशील कुमार गोयदानी सभी निवासी ग्राम खापरखेडा तहसील-पिपरिया जिला-नर्मदापुरम म.प्र.

इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक सुलभ गोयदानी आ. राजेन्द्र कुमार गोमदानी निवासी ग्राम खापरखेडा तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम म.प्र. द्वारा एक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि ग्राम खापरखेडा स्थित कृषिभूमि खसरा नंबर 79/2/1 रकबा 4.8210 हे. भूमि सुशीलकुमार पिता बलवन्तसिंह पता नर्मदापुरम गध्य प्रदेश भूमिस्वामी के नाम से एवं खसरा नंबर 268 रकबा 22420 हे भूमि बीदाउदी महाराज मंदिर सम्वराहकार गंगादेवी सुजानसिंह राजेन्द्रकुमार सुजानसिंह, सौरम राजेन्द्रकुमार, सुनवा पल्लिराजेन्द्रकुमार, कृष्णकुमार बलवंतसिंह, अंजु सुशीलकुमार, सुशीलकुमार बलवंतसिंह, सुधाबाई कृष्णकुमार निरवामी के नाम की राजस्व अभिलेख में दर्ज है। ई-रजिस्टर्ड विनिमय पत्र कमांक एम.पी 169012023012698554 दिनांक 22/12/2023 के माध्यम से ग्राम खापरखेडा स्थित कृषिभूमि खसरा नंबर 79/2 रकबा 5.467 है. में से भूमि का विनिमय श्रीदाउदी महाराज मंदिर सरवराहकार राजेन्द्र कुमार गोयदानी आ व सुजान सिंह गोयदानी, सौरभ कुमार गोयदानी आ. राजेन्द्र कुमार मोबदानी, सुनंदा गोयदानी पत्नी राजेन्द्र कुमार गोगदानी कृष्णकुमार गोयदानी आ. रव बलवंत सिंह गोयवानी, अंजु गोयदानी पत्नी सुशील कुमार गोयदानी का विनिमय एवं खसरा नंबर 200 रकचा 22420 है. में से रकबा 1.121 है. भूमि का विनिमय सुलभ गोवादेनी आ. राजेन्द्र कुमार गोगदानी का विनिमय हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त ई-रजिस्टर्ड विनिमय पत्र के आधाडू पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27/04/2026 नियत की गई है। अतः अन्य कोई व्यक्ति या वैध प्रतिनिधि अथवा मान्य अभिकर्ता सहित उक्त नियत तिथि 21/04/2026 को प्रातः 11:00 बजे न्यायालय अपर तहसीलदार पिपरिया तहसील-पिपरिया के न्यायालय में समक्ष में उपस्थित होकर उका गामांतरण प्रकरण के संबंध में अपना जबाब एवं दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते। उक्त दिवसक बाद कोई आपत्ति दावा स्वीकार नहीं किये जायेंगे। विधि अनुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 10/04/2026 को न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर तहसीलदार, पिपरिया

**न्यायालय अपर तहसीलदार पिपरिया तहसील-पिपरिया जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

रा.प्र.क. 0476/अ-6/2025-26 मौजाः खापरखेडा
सुनवाई तिथि-27/04/2026

// इश्तेहार //

सुलभ गोयदानी आ. राजेन्द्र कुमार गोयदानी निवासी ग्राम खापरखेडा तहसील पिपरिया जिला-नर्मदापुरम म.प्र बनाम राजेन्द्र कुमार गोयदानी आ. स्व सुजान सिंह गोयदानी, 2. सौरभ कुमार गोयदानी आ. राजेन्द्र कुमार गोयदानी 3. सुनंदा गोयदानी पत्नी राजेन्द्र कुमार गोयदानी, * कृष्णाकुमार गोयदानी आ. स्व. बलवंत सिंह गोयदानी, 6. अजु गोयदानी पत्नी सुशील कुमार गोयदानी सुशील कुमार गोयदानी आ. स्व बलवंत सिंह गोयदानी सभी निवासी ग्राम खापरखेडा तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम म.प्र.

प्रति, 1. राजेन्द्र कुमार गोयदानी आ. स्व. सुजान सिंह गोयदानी, 2. सौरम कुमार गोयदानी आ राजेन्द्र कुमार गोयदानी, 3. सुनंदा गोयदानी पत्नी राजेन्द्र कुमार गोयदानी, 4. कृष्णकुमार गोयदानी आ. स्व. बलवत सिंह गोयदानी, 5. अज्जु गोयदानी पत्नी सुशील कुमार गोयदानी 6. सुशील कुमार गोयदानी आ. स्व. बलवंत सिंह गोयदानी सभी निवासी ग्राम खापरखेडा चहसील-पिपरिया जिला-नर्मदापुरम म.प्र.

इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक सुलभ गोयदानी आ. राजेन्द्र कुमार गोयदानी निवासी ग्राम खापरखेडा तहसील-पिपरिया जिला-नर्मदापुरम म.प्र द्वारा एक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि ग्राम खापरखेडा स्थित कृषिभूमि खसरा नंबर 100/5 रकबा 5.6850 हे. भूमि सुलभ पिता राजेन्द्रकुमार जाति गोदानी पता नर्मदापुरम मध्य प्रदेश भूमिस्वामी के नाम से एवं खसरा नंबर 268 रकबा 2.2420 भूमि श्रीदाउदी महाराज मंदिर सरवराहकार गंगादेवी-सुजानसिंह, राजेन्द्रकुमार सुजानसिंह, सौरभ-राजेन्द्रकुमार, सुनंदा पत्नि राजेन्द्रकुमार, कृष्णकुमार बलवंतसिंह, अंजु सुशीलकुमार, सुशीलकुमार-बजवंतसिंह, कृष्णकुमार भूमिस्वामी के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। ई-रजिस्टर्स विनिमय पत्र क 2231298843 दिनांक 22/12/2023 के माध्यन से ग्राम खापरखेडा स्थित कृषिभूमि खसरा नंबर 100/5 5.065 है. में से रकबा 1.121 है. भूमि का विनिमय श्रीदाउदी महाराज मंदिर संरवराहकार राजेन्द्र कुमार सीवदानी आह. स्व सुजान सिंह गोयदानी, सौरभ कुमार गोयदानी आ राजेन्द्र कुमार गोयदानी, सुनंदा गोवदानी फनी राजेन्द्र कुमार गोयदानी, कृष्णकुमार गोयदानी आ. स्व. बलवंत सिंह गोयदानी, अंजु गोवदीनी पत्नी सुशील सार गोवदानी, सुशील कुमार गोयदानी आ. स्व. बलवंत सिंह मोयदानी का विनिमय एवं खसरा नंबर 268 रकबा 2400 में से रकबा 1.121 है. भूमि का विनिमय सुलभ गोयादानी आ. राजेन्द्र कुमार गोवदानी का विनिमय हम है। आवेदक द्वारा उक्त ई-रजिस्टर्ड विनिमय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है जिसकी सुनवाई दिनाक 27/04/2020 नियत की गई है। जत अन्य कोई व्यक्ति या वैध प्रतिनिधि अथवा मान्य अभिकर्ता सहित उक्त नियत तिथि 27/04/2026 11:00 बजे न्यायालय अपर तहसीलदार पिपरिया तहसील-पिपरिया के न्यायालय में समक्ष में उपस्थित सीकर उका नामांतरण प्रकरण के संबंध में अपना जबाब एवं दाबा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते। उक्त दिवस के कोई आपत्ति दावा स्वीकार नहीं किये जायेंगे। विधि अनुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनाक 10/04/2026 को न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर तहसीलदार, पिपरिया

### कलेक्टर-एसपी ने रास्ते में रोककर लिया ज्ञापन, चर्चा के बाद वापस लौटे

# प्रस्तावित मोरण्ड-गंजाल सिंचाई परियोजना के विरोध में आदिवासी समुदाय ने निकाला पैदल मार्च






हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

**जिले में प्रस्तावित मोरण्ड-गंजाल सिंचाई परियोजना के विरोध में आदिवासी समुदाय ने शुक्रवार को पैदल मार्च निकाला।**

रहटगांव क्षेत्र से सैकड़ों ग्रामीण करीब 25 किलोमीटर की दूरी तय कर हरदा की ओर बढ़े, जहां कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोडलपुर-हरदा मार्ग पर उन्हें रोककर ज्ञापन लिया। जिले में प्रस्तावित मोरण्ड-गंजाल सिंचाई परियोजना के विरोध में आदिवासी समुदाय ने शुक्रवार को पैदल मार्च निकाला। रहटगांव क्षेत्र से सैकड़ों ग्रामीण करीब 25 किलोमीटर की दूरी तय कर हरदा की ओर बढ़े, जहां कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोडलपुर-हरदा मार्ग पर उन्हें रोककर ज्ञापन लिया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि परियोजना के कारण बड़े पैमाने पर आदिवासी परिवारों का विस्थापन होगा और वे अपनी जमीन व जंगल से बेदखल हो जाएंगे। उनकी मांग है कि परियोजना को निरस्त किया जाए या जमीन के बदले जमीन दी जाए। आदिवासी नेता जय कुमार उइके ने कहा कि मांगें नहीं मानी गईं तो विधानसभा का घेराव किया जाएगा। वहीं संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि जिले का एक गांव बोथी पूर्ण रूप से और दो अन्य गांव आंशिक रूप से डूब क्षेत्र में आएंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लेकर उनकी मांगों को संबंधित स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदर्शनकारियों के लिए एम्बुलेंस और पानी की व्यवस्था की गई थी तथा एनबीडीए अधिकारियों और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर परियोजना से जुड़े सभी संशयों को दूर किया जाएगा। मोरण्ड-गंजाल परियोजना के तहत नर्मदापुरम जिले के मोरघाट के पास मोरण्ड नदी और हरदा जिले के जवरधा के पास गंजाल नदी पर बांध प्रस्तावित है। परियोजना से नर्मदापुरम, खंडवा और हरदा जिलों के 211 गांवों को पेयजल और 64,111 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ मिलने का अनुमान है। 8 अप्रैल को वन एवं पर्यावरण विभाग से एनओसी मिलने के बाद परियोजना को गति मिली है। फिलहाल प्रशासन ने बैठक के माध्यम से स्थिति स्पष्ट करने की बात कही है।

### उपार्जन कार्य में तेजी लाने के निर्देश

## कृषकों के खेतों व चना उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

उपसंचालक कृषि जवाहर लाल कस्दे द्वारा कृषकों के खेतों एवं चना उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ डीएमओ योगेश मालवीय , वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति मनियाखेड़ी एवं आलमपुर के उपार्जन केंद्र का जायजा लिया गया। मनियाखेड़ी में सेवा सहकारी समिति मर्यादित के प्रबंधक सत्यम शुक्ला तथा आलमपुर में समिति प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान कृषक लड्डू बागरे के खेत पर मूंग फसल का निरीक्षण किया गया, जहां बिना नरवाई जलाए बोनी की गई थी। कृषक ने बताया कि नरवाई रहने से मृदा में नमी व ठंडक बनी रहती है, जिससे सिंचाई की आवश्यकता कम होती है। अधिकारियों ने इस पद्धति को सराहनीय बताते हुए अन्य किसानों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया।चना उपार्जन केंद्रों पर तुलाई कार्य सुव्यवस्थित पाया गया। किसानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अधिकारियों द्वारा त्वरित निर्णय



लेते हुए टिमरनी मंडी में चना उपार्जन हेतु दो अतिरिक्त तौल कांटे शुरू कराए गए। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि उपार्जन कार्य में तेजी लाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों की गाड़ियां रात्रि में न रुके, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस निरीक्षण से किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

## 28 को कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मंडी हरदा ने बताया कि 28 अप्रैल को कृषि उपज मंडी प्रांगण हरदा में कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वे 28 अप्रैल को अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए नहीं लाएं।

## स्टॉप डेम में डूबने से 35 साल के युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम चारखेड़ा में गुरुवार रात करीब 8 बजे एक स्टॉप डेम में डूबने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार उसका एक साथी सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान निमाचाखुर्द निवासी रामचंद्र उर्फ भीम (35) पुत्र महेश वर्मा के रूप में हुई है, जो गांव में सैलून की दुकान चलाता था। रामचंद्र गुरुवार शाम करीब 7:30 से 8 बजे के बीच गांव में एक धार्मिक आयोजन का निमंत्रण देकर अपने साथी के साथ बाइक पर हवनकुंड लेकर लौट रहा था।

ग्राम बरकला पंचायत भवन के पीछे टिमरन नदी पर बने स्टॉप डेम के पास उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाइक अनियंत्रित होकर स्टॉप डेम के पानी में जा गिरी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर एक युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, रामचंद्र के ऊपर बाइक गिरने से वह स्टॉप डेम के पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मोहित गुप्ता ने बताया कि युवक को अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। शव को फिलहाल मर्चुरी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक रामचंद्र दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में माता-पिता, पत्नी और एक आठ साल की बेटी है। वह पेशे से सैलून चलाते थे और अपने पीछे 8 साल की बेटी छोड़ गए हैं। उनके बड़े भाई राजेश वर्मा सहित परिवार में दो भाई और दो बहनें हैं।

## कैंपस ड्राइव में 9 विद्यार्थियों का अंतिम चयन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए पालीवाल बील्ड इन्फ्रा. का कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में अंतिम वर्ष के सिविल ब्रांच के करीब 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमे से 9 विद्यार्थियों का अंतिम चयन हुआ।

## प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जागरुकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

वन स्टॉप सेंटर हरदा द्वारा शुक्रवार को प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हरदा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी प्रशासक, अभिलाषा पटेरिया एवं केस वर्कर रितु राजपूत ने छात्र-छात्राओं को महिला एवं बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा उन्मूलन तथा राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही हब फॉर एंपावरमेंट के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित स्वरोजगार योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध सेवाओं परामर्श सहायता, विधिक सहायता, आश्रय सहायता, चिकित्सा सहायता एवं पुलिस सहायता की जानकारी दी गई।

प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा 112 एवं विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्प लाईन 15100 के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रोद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हरदा के प्रभारी प्राचार्य शरद मालवीय, शिक्षकगण एवं वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ मौजूद रहा।

## विधिक साक्षरता शिविर आज

**हरदा।** 25 अप्रैल को जिला जेल, हरदा में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाना है ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। शिविर में प्रत्येक कैदी को हेल्थ कार्ड भी उपलब्ध करवाया जाएगा। हेल्थ कार्ड में बीमारी के विवरण के साथ उसे क्या करना है, क्या नहीं करना है, क्या खाना है, क्या नहीं खाना है, सभी विवरणों का उल्लेख होगा। स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें नालसा व सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा संबंधित बंदियों के लिए नियुक्त पैनल अधिवक्ताओं व लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से उनके प्रकरण की यथा स्थिति से अवगत कराने के साथ-साथ जरूरतमंद बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## विश्व पुस्तक दिवस पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकों का महत्व एवं उनकी उपयोगिता समझाना था, ताकि उनका बौद्धिक एवं नैतिक विकास तेजी से हो और वे निरंतर सफलता के मार्ग पर अग्रसर हो सके। इस अवसर पर मेघा लुटारे, श्रद्धा राठौड़, कमल किशोर कुशवाह सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सीहोर रेलवे स्टेशन पर ओवरनाइट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की

**सीहोर।** भोपाल संसदीय क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर ट्रेन - इंदौर–जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस का ठहराव सीहोर रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किए जाने की बहुप्रतीक्षित मांग को रखा। जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने बताया कि सांसद शर्मा ने रेलमंत्री को सौंपे गए अपने पत्र में उल्लेख किया है, कि सीहोर नगर धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यहां स्थित कुबेरेश्वर धाम में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक निरंतर आते-जाते रहते हैं। वर्तमान में सीहोर रेलवे स्टेशन पर सीमित ट्रेनों का ही ठहराव होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सीहोर में शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिसके चलते रेलवे सेवाओं की मांग भी तेजी से बढ़ी है। ऐसी स्थिति में इंदौर–जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस का सीहोर में ठहराव अत्यंत आवश्यक हो गया है। सांसद शर्मा ने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त ट्रेन का ठहराव सीहोर रेलवे स्टेशन पर शीघ्र प्रारंभ करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल की छात्रा ईशा पटेल का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर की छात्रा ईशा पटेल, राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयनित होकर जिला सीहोर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। ईशा पटेल ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला एथलेटिक्स संघ के



तत्वावधान में किया गया था। यह राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भारत पेट्रोलियम (BPCL) बीना रिफाइनरी द्वारा, मध्यप्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। ईशा पटेल आगामी दिनांक 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को सागर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सहायक डीईओ सलोनी शर्मा, बीईओ दीपा कीर, आवासीय खेलकूद संस्थान प्राचार्य आलोक शर्मा, डी.एस.ओ. अत्ताउल्लाह खान, संकुल प्राचार्या नीना सिंह, संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने छात्रा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

### मानवीय मूल्यों से प्रेरित पहल, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए रोशनी का नया संकल्प

# एमपीआरडीसी व डीबीसीपीएल प्रबंधन ने कुबेंश्वर धाम के सामने मीडियन के मध्य लगाई हाई मास्क लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जनसेवा, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व ये केवल शब्द नहीं, बल्कि एक सशक्त प्रशासन और जिम्मेदार संस्थाओं की पहचान होते हैं। इसी भावना को साकार करते हुए जिलाधिकारी महोदय सीहोर के कुशल निर्देशन में, एमपीआरडीसी एमडी भोपाल के मार्गदर्शन तथा देवास-भोपाल कॉरीडोर प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है।

कुर्बेश्वर धाम, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, वहां आने-जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कम दृश्यता के कारण संभावित दुर्घटनाओं को रोकने तथा मार्ग को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से, कुर्बेश्वर धाम के सामने मीडियन के मध्य हाई मास्क लाइट की स्थापना की गई है। यह पहल केवल एक



तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों—सुरक्षा, सेवा और संवेदना—का जीवंत उदाहरण है। अंधेरे में रोशनी की यह व्यवस्था न केवल श्रद्धालुओं के मार्ग को आलोकित कर रही है, बल्कि उनके मन में भी विश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रबल कर रही है। जिलाधिकारी महोदय सीहोर की दूरदर्शिता, एमपीआरडीसी भोपाल के नेतृत्व और डीबीसीपीएल प्रबंधन की सामाजिक जिम्मेदारी ने मिलकर यह सिद्ध कर दिया है कि जब प्रशासन और संस्थाएं जनहित के लिए एकजुट होती हैं, तो विकास केवल ढांचागत नहीं बल्कि मानवीय भी होता है।

स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था विशेष रूप से रात्रि के समय अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है और दुर्घटनाओं की संभावना में उल्लेखनीय कमी आएगी



निसंदेह, यह प्रयास न केवल एक मार्ग को रोशन कर रहा है, बल्कि समाज में सुरक्षा, सहयोग और सेवा की भावना को भी प्रज्ज्वलित कर रहा है।

## महंत देवगिरि महाराज ने कहाः सनातनधर्म की रक्षा के लिए हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान

**सीहोर।** सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन समाज के सभी लोग आपसी मतभेद भूलकर एकजुट हों। उन्होंने सभी को सनातन धर्म की रक्षा के लिए शपथ भी ग्रहण कराई। हम सभी हिंदू लोग जातिवाद को छोड़कर आपस में एक हो जाएं, तभी हम लोग संगठित हो सकते है। उक्त बात शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के तत्वाधान में शनिवार से होने वाले छह दिवसीय महोत्सव को लेकर यहां पर की जा रही तैयारियां के निरीक्षण के दौरान तारा देवी मंदिर के महंत देवगिरि महाराज ने की। इस मौके पर मंदिर की ओर से संत माधव दास महाराज, लक्ष्मी नारायण सवारी के प्रभारी सन्नी सरदार, रजत मुंदडा, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास आदि ने महंत देवगिरि महाराज को शाल श्री फल से स्वागत किया।



गुरुवार को तारा देवी मंदिर के महंत देवगिरि ने यहां पर आयोजित मंदिर परिसर में अपने स्वागत में किया कि भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की मुख्य यजमान नमिता अखिलेश राय के मार्गदर्शन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि 25 अप्रैल को शहर में महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के आह्वान पर देश भर के महंत, महामंडलेश्वर, नागा साधु, कथा वाचक आदि श्री लक्ष्मी नारायण की सवारी में शामिल होने के लिए आ रहे है। मंदिर परिसर में संतों का सम्मेलन दोपहर में किया जाएगा और उसके पश्चात शाम को शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से भव्य सवारी निकाली जाएगी। इधर महंत का स्वागत करते हुए प्रभारी सन्नी सरदार ने बताया कि सवारी को लेकर क्षेत्र में उत्साह है और पूरे शहर की महिलाएं सनातन की मजबूती के लिए और विश्व के कल्याण की कामना को लेकर यात्रा में शामिल रहेंगी।